# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–10 मार्च 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश सरकार की मंत्रिपरिषद की बैठक आज लखनऊ स्थित लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुयी। बैठक में उन्नीस महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, शहरी विकास और कर्मचारी कल्याण से जुड़े प्रस्तावों पर अहम निर्णय लिये गये हैं। उन्होंने स्टाम्प पेपर को लेकर मंत्रिपरिषद के महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिपरिषद ने दस हजार से पच्चीस हजार मूल्य तक के भौतिक स्टाम्प पेपर को चलन से बाहर करने का निर्णय लिया है।

***दस हजार से लेकर पच्चीस हजार तक के मूल्य वर्ग के भौतिक स्टाम्प जो निष्प्रयोज्य, चलन से बाहर घोषित करने हेतु व्यवस्था निर्धारित करने के लिए शासनादेश निर्गत किये जाने के सम्बंध मे है। ये मैटर काफी दिनो से पेंडिंग था इस पर भी आज मंत्रीपरिषद की सहमति मिल गयी। अब ई स्टाम्प के माध्यम से ही आप लोगों की सेवा हो सकेगी।***

संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि पुराने स्टाम्प इकतीस मार्च दो हजार पचीस तक मान्य होंगे, उसके बाद इन्हें स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह निर्णय स्टाम्प प्रणाली में पारदर्शिता लाने और गड़बड़ियों को रोकने के लिये लिया गया है।

**********

मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में सत्रह मार्च से पन्द्रह जून तक गेहूं खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इस सम्बन्ध में वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि गेहूं खरीद के लिये खाद्य विभाग की विपणन शाखा सहित कुल आठ एजेंसियों द्वारा प्रदेश भर में लगभग छः हजार पांच सौ क्रय केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष दो हजार पचीस–छब्बीस के लिये गेहूं का समर्थन मूल्य दो हजार चार सौ पचीस रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है।

**********

मंत्रिपरिषद की बैठक में बलिया जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिये चौदह दशमलव शून्य पांच एकड़ भूमि को निःशुल्क हस्तांरित करने की मंजूरी दी गयी। यह भूमि जिला कारागार से चिकित्सा शिक्षा विभाग को हस्तांतरित की गयी है। बलिया जिले के मेडिकल कॉलेज का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चित्तू पाण्डेय के नाम पर किया जायेगा।

**********

राज्य स्मार्ट सिटी योजना को दो साल के लिये बढ़ाने का भी निर्णय प्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया। यह योजना गोरखपुर सहित प्रदेश के सभी सत्रह नगर निगमों के लिये लागू होगी।

**********

बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन आज लोकसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने वर्ष दो हजार चौबीस–पचीस के लिए दूसरे चरण की अनुपूरक अनुदान मांग पेश की। बजट सत्र काा यह चरण चार अप्रैल तक चलेगा जिसमें बीस बैठकें होंगी।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज वाराणसी के कमिश्नरी सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण किट और खेल के सामान का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया।

**********

आज प्रदेश के सभी प्रमुख सनातन धर्म स्थलों पर रंग भरी एकादशी मनायी जा रही है। रंगभरी एकादशी के पर्व पर आज वाराणसी के श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में उत्सव का माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर आज बाबा विश्वनाथ और माता पर्वती का गौना परम्परागत तरीके से हर्षोल्लास के साथ किया गया। सुख–शान्ति और समृद्धि की कामना के साथ माता गौरी की पालकी महंत आवास से लोकाचार के बाद विश्वनाथ मंदिर के लिये रवाना हुयी। रंगभरी एकादशी के दिन भक्त बाबा विश्वनाथ के साथ होली खेलकर रंगोत्सव का शुभारम्भ करते हैं।

रामनगरी अयोध्या में भी रंगभरी एकादशी पर आज होली पर्व का विधिवत शुभारम्भ हो गया। हनुमानगढ़ी परिसर में रंगों के बीच आस्था का ज्वार दिखा। इस अवसर पर साधु–संतों ने हनुमानगढ़ी के निशान के साथ जुलूस निकाला। अयोध्या के मंदिरों में साधु–संतों ने देव विग्रहों के साथ होली खेली। उधर पहले से रंगोत्सव में डूबी मथुरा में भी रंगभरी एकादशी धूमधाम से बनायी गयी।

**********

होली पर्व पर पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के यात्रियों की सुविधा के लिये रेलवे प्रशासन ने मुजफ्फरपुर और आनंद विहार टर्मिनल के बीच एक जोड़ी विशेष गाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन मुजफ्फरपुर से आज से इकतीस मार्च तक सोमवार और गुरूवार को चलेगी। जबकि आनंद विहार टर्मिनल से कल से एक अप्रैल तक मंगलवार और शुक्रवार को यह गाड़ी चलायी जायेगी।

**********

बस्ती जिले के नगर थानान्तर्गत लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह ट्रक और कार की सीधी टक्कर में कार सवार पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सड़क हादसे की जानकारी होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक–संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार कराने के निर्देश दिये हैं।

**********